दिनांक 28 अक्टूबर 2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव की पहल पर वार्ड 68 हॉस्पिटल सेक्टर के विभिन्न क्षेत्रों में लगा सोलर एलईडी लाइट, बिजली गुल होने के बाद भी रोशन रहेगा क्षेत्र

भिलाई नगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव की पहल पर सेक्टर 9 वार्ड 68 के क्षेत्रों में सोलर एलइडी लाइट लगाई गई है , जिसकी रोशनी से पूरा वार्ड क्षेत्र प्रकाशमान हो गया है! सोलर एलइडी लाइट लगाने की यह योजना अनुसूचित जाति बाहुल्य के क्षेत्रों के लिए है! महापौर श्री यादव ने शासन की इस योजना का लाभ अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र के रहवासियों को दिलाने के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग को पत्र प्रेषित कर पहल किया था! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने विभाग से स्वीकृति मिलने के बाद जल्द ही कार्य आदेश जारी करने के निर्देश जोन क्रमांक 5 के अधिकारियों को दिए थे ! जिसके मुताबिक कार्य आदेश जारी कर कार्य पूर्ण कर लिया गया! 17 लाख 80 हजार की लागत से 47 नग पोल सहित सोलर एलइडी लाइट लगाई गई है! एक एलईडी लाइट 24 वाट केपेसिटी की है! 6 मीटर लंबा पोल में लगा हुआ यह लाइट वार्ड क्षेत्र को रोशन कर रहा है विद्युत की बचत के साथ ही 5 साल का फ्री मेंटेनेंस भी सोलर एलइडी लाइट होने के कारण विद्युत कनेक्शन की आवश्यकता नहीं है जिससे विद्युत की बचत होगी साथ ही इसकी खासियत यह है कि सूर्य की किरणें पड़ने के साथ ही यह लाइट ऑटोमेटिक बंद हो जाती है और शाम को अंधेरा होते ही स्वयं चालू हो जाती है! इसमें लगे हुए बैटरी सूर्य के प्रकाश से चार्ज होते हैं और वार्ड 68 के क्षेत्रों को भरपूर रोशनी प्रदान कर रहे हैं! 5 साल की वारंटी के साथ इसका मेंटेनेंस भी फ्री में होगा इसके लिए मैसर्स चार्टर्ड इंजीनियर एंड ट्रेडिंग इंटरप्राइजेज को कार्य आदेश दिया गया था! अनुसूचित जाति बाहुल्य एरिया में इस प्रकार की एलईडी लाइट लगाने की योजना थी इसके लिए सर्वे किया गया था! इसीलिए इस योजना का लाभ महापौर के प्रयासों से वार्ड क्रमांक 68 हॉस्पिटल सेक्टर के रहवासियों को मिल रहा है! लाइट लगाने के पहले दिन ही गुल हुआ बिजली लेकिन हॉस्पिटल सेक्टर क्षेत्र में रही भरपूर रोशनी वार्ड क्रमांक 68 की वार्ड पार्षद दिनशा तुमाने ने बताया कि जिस दिन सोलर एलईडी लाइट लगाई गई थी उसी दिन उनके वार्ड क्षेत्र में बिजली चली गई! परंतु सोलर लाइट होने के कारण हॉस्पिटल सेक्टर के क्षेत्र में भरपूर रोशनी रही! इसके लिए क्षेत्र वासियों में काफी उत्साह था और उन्होंने महापौर एवं निगम प्रशासन आभार व्यक्त किया! उन्होंने

बताया कि अनुसूचित जाति के 70% लोग यहां पर निवासरत है पहले यहां अंधेरा पसरा रहता था लेकिन अब इस क्षेत्र में कभी भी अंधेरा नहीं रहेगा! हॉस्पिटल सेक्टर के एसएसए स्ट्रीट 7, 8, 9, 10 एवं 11, हॉस्पिटल सेक्टर मार्केट क्षेत्र में, झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र में तथा उद्यानों में सोलर एलईडी लाइट लगाई गई है!